सार-समाचार

आरोपी को किया दंडित

सादुलपुर, (निसं)। अतिरिक्त मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट राजगढ ने एक 11 साल पुराने धोखाधडी के मामले में एक आरोपी को दो के साल साधारण कारावास तथा 29 हजार रुपए का जुर्माना तथा अदम अदायगी जुर्माना ०3 माह की अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा से दंडित किया है। प्रकरण अनुसार परिवादी लाल सिंह निवासी रिटोली जिला रोहतक हरियाणा ने हमीरवास थाने में मामला दर्ज करवाकर बताया कि कृषि भूमि खसरा नंबर 254 रकवा 14.8 बीघा रोही सांखण तुमली तहसील राजगढ की भूमि को रमेश कुमार ने अपना बताकर बेचने की मन्सा बताई तथा गांव साखण ताल में दिनांक ०1 जुलाई 2०12 को उसे लेकर आया और उसे कृषि भूमि दिखाई। जिसमें बोरिंग बना हुआ था, विद्युत कनेक्शन था तथा फव्वारा सेट लगा हुआ था एवं तीन मकान बने हुए थे। परिवादी ने बताया कि कृषि भूमि को रुपए की जरूर होना बताने पर रमेश कुमार पर विश्वास कर 31 लाख 5० हजार में सौदा तय हुआ। तथा उसी दिन गांव में मौजिज लोगों के सामने 1० लाख रुपए दे दिए तथा बाकी रकम बेनाम के समय देना तय हुआ। तथा इस बाबत लिखा-पढी कर इकरारनामा भी करवा लिया। दिनांक 1० अक्टूबर 2०12 तक रजिस्ट्री करवा देने की बात की तथा दिनांक ०5 जुलाई 2०12 को लिखा पढी करवा कर असल इकरारनामा उसे दे दिया। बाद में उसे पता चला कि रमेश कुमार ने उक्त कृषि भूमि मुकेश देवी में उम्मेद सिंह से मिली भगत कर किसी अन्य को बेच दी।

एक दिन में सात चैंपियंस पर कब्जा

सीकर, (निसं)। स्थित स्वामी केशवानंद शिक्षण संस्थान ने तृतीय समूह के खेलों का एक ही दिन में 7 चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया है, जानकारी देते हुए खेल प्रभारी राहुल ढाका ने बताया कि 17/19 वर्ष छात्र/छात्रा आर्चरी प्रतियोगिता के 17 वर्ष आयु वर्ग में छात्र/छात्रा दोनों ही वर्गों में केशवानंद ने विजेता बनकर दो चैंपियनशिप अपने नाम की वहीं भारतीय स्कूल रिंगस में चल रही अंडर 19 छात्र वॉलीबॉल प्रतियोगिता में मेजबान रिंगस टीम के साथ फाइनल मुकाबला खेलते हुए उपविजेता की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया

परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया

सीकर, (निसं)। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा समान पात्रता परीक्षा ग्रेजुएट लेवल का आयोजन शुक्रवार से जिले में हुआ। इस दौरान जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा एवं एडीएम रतन कुमार ने सीकर शहर में बने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिला कलेक्टर शर्मा ने एसके स्कूल एवं कॉलेज तथा स्टेशन रोड स्थित संस्कृत महाविद्यालय के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्र प्रभारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इस दौरान परीक्षा के जिला समन्वयक एवं एडीएम रतन कुमार, एसीएम कुणाल राहड़, सहायक निदेशक पूरणमल, एडीईओ रामचंद्र बगड़िया, एपीआरओ राकेश कुमार ढाका सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

एक से अस्पताल का समय बदलेगा

सीकर, (निसं)। श्री कल्याण राजकीय मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक ने बताया कि श्री कल्याण राजकीय मेडिकल कॉलेज सीकर एवं संबद्ध चिकित्सालयों (श्री कल्याण राज0 चिकित्सालय,एमसीएच विंग, शहरी स्वास्थ्य प्रशिक्षण केन्द्र का ओपीडी समय एक अक्टूबर से बदलेगा। उन्होने बताया कि 01 अक्टूम्बर 2024 से 31 मार्च 2024 तक प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक राजपत्रित अवकाश के दिन प्रातः 9 से 11 बजे तक रहेगा। इसी प्रकार राजकीय डिस्पेंसरी न0 1,पुलिस लाईन, सीकर 01 अक्टूम्बर 2024 से 31 मार्च 2024 तक प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे राजपत्रित अवकाश के दिन प्रातः 9 से 11 बजे तक रहेगा।

'सब मिलकर सहकारी बैंकों की गतिविधियों को बनाएं अधिक बेहतर'

औंकार वाटिका में सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक की वार्षिक साधारण सभा की बैठक आयोजित

चूरू, (का.सं.)। जिला मुख्यालय स्थित औंकार वाटिका में सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक की वार्षिक साधारण सभा की बैठक शुक्रवार को जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

- **बैंक ने वर्ष 2023.24 में 17.50 लाख रुपए का लाभ अर्जित किया है।**

सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक की वार्षिक साधारण सभा को संबोधित किया।

बैठक में जिले भर की ग्राम सेवा सहकारी समितियों, क्रय.विक्रय सहकारी समितियों, उपभोक्ता हॉलसेल भण्डार, दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों एवं अन्य समितियों के अध्यक्षों, विधायक हरलाल सहारण अध्यक्ष, खासोली ग्राम सेवा सहकारी समिति सहित कुल 147 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए बैंक के प्रशासक एवं जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि सभी बैंक से जुड़े सभी सदस्यों एवं अधिकारियों को मिलकर यह प्रयास करने चाहिए कि बैंक की गतिविधियां अधिक बेहतर हों तथा ज्यादा से ज्यादा लोग इससे लाभान्वित हो। उन्होंने कहा कि बैंक ने वर्ष 2023.24 में 17.50 लाख रुपए का लाभ अर्जित किया है। वित्तीय वर्ष 2023.24 में बैंक द्वारा विभिन्न ऋण योजनाओं के तहत जिले के किसानों एवं नागरिकों को 504.01 करोड़ रुपयों का ऋण उपलब्ध करवाया गया है। उन्होंने कहा कि बैंक पूर्णतया सीबीएस सिस्टम पर संचालित हैं। आरटीजीएसए नेफ्ट, एसएमएस, डीबीटीएल एवं एटीएम सुविधाएं ग्राहकों को दी जा रही है। बैंक की अधिकांश शाखाओं को आधुनिक साज.सज्जा से सुसज्जित एवं वातानुकूलित किया गया है। सभी ग्राम सेवा सहकारी समितियों को भी कम्प्यूटरीकृत किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित सदस्यों द्वारा दिये गये सुझावों के आधार पर समितियों में समय पर खाद.बीज उपलब्ध करवाना। समितियों में गोदाम निर्माण करवाना, समितियों को निःशुल्क भूमि आवंटन करवाना, समिति अध्यक्षों की सलाहकार समिति का गठन कर बैंक कार्यों का पर्यवेक्षण करते हुये बैंक के लाभ में वृद्धि हेतु सकारात्मक प्रयास किये जाने हेतु आश्वस्त किया। विधायक हरलाल सहारण ने समस्त कार्यों में अपनी ओर से सकारात्मक सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि सरकार सहकारिता को मजबूत करने के लिए सतत प्रयास कर रही है। हमारी कोशिश है कि अधिकतम लोगों को सहकारिता सेवाओं का लाभ मिले। प्रबन्ध निदेशक मदन लाल ने गत आमसभा का कार्यवाही विवरण प्रस्तुत किया।

आयुर्वेदिक काढा पिलाया

पाटन, (निसं)। राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय महावा के चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रदीप बेसरवाडिया द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महावा के 180 छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ को मौसमी बीमारियों के बचाव हेतु आयुर्वेदिक क्वाथ (काढ़ा)पिलाया गया। प्रधानाचार्य संदीप दयाल, उपप्राचार्य ओमप्रकाश गुर्जर, रविप्रकाश महारानियां कनिष्ठ सहायक, परिचारक निवास कुमार वर्मा, सीएचओ योगेश मंगावा एवं स्कूल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। इसी क्रम में रायपुर- पाटन आयुर्वेद औषधालय के वरिष्ठ आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ सुरेश कुमार सैनी द्वारा काढा पिलाया

भाजपा नेताओं ने प्रेस वार्ता कर नगर परिषद को घेरा

चूरू, (का.सं.)। जिला मुख्यालय पर शुक्रवार को भाजपा द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

- **सभापति पर नकारापन के लगाए आरोप**

इस दौरान प्रेस वार्ता में भाजपा नेताओं ने नगर परिषद एवं सभापति की नाकामी व चूरू की बिगड़ी सफाई व्यवस्था के विरोध में भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा नगर परिषद में नेताप्रतिपक्ष विमला गढ़वाल, मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत, दीनदयाल सैनी व भाजपा पार्षदो ने प्रेस वार्ता कर सभापति के अलोकतांत्रिक कदम की निंदा की।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने प्रेस सें वार्ता करते हुऐ कहा कि चूरू शहर गंदगी के ढेर पर पड़ा है और चूरू सभापति के नाकारापन के कारण जगह जगह बरसाती पानी एवम् अवरूद्ध हुई नालियां चूरू में दुर्दशा की कहानी कहती है। उन्होने कहा कि जब भाजपा पार्षदो ने इसके लिए नगर परिषद की बैठक आयुक्त के द्वारा आहुत की तो सभापति ने अपने बहुमत के बल पर शहर में साफ सफाई की मांग को सिरे से खारीज कर बैठक को स्थगित कर दिया जो की चूरू की जनता का अपमान है। उन्होने कहा कि पिछले पांच वर्षो से भाजपा पार्षद पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के नेतृत्व में लगातार विकास के लिए प्रयास कर रहे है। परन्तु पिछली कांग्रेस सरकार के शासन में इन सभी जन समस्याओं की और ध्यान नही दिया गया। जब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी और चूरू से भाजपा के हरलाल सहारण विधायक बने तो हम लोगो ने आम जनता को राहत देने के लिए प्रयास प्रारंभ किये परन्तु नगरपरिषद् सभापति के नकारापन की वजह से यह विकास कार्य नही हो रहे है।

सार-समाचार

कवि सम्मेलन आज

चूरू, (का.सं.)। चूरू के मशहूर शायर मंसूर चूरूवी की याद में मंसूर अकादमी एवं राणा वेलफेयर सोसायटीए की ओर से 28 सितंबर को रात्रि साढ़े आठ बजे भाईजी चौक स्थित राणाजी का नोहरा में ऑल इंडिया मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। मंसूर अकादमी के जा.नशीं अब्दुल मन्नान मजहर चूरूवी ने बताया कि कार्यक्रम के सरपरस्त पीर अनवार नदीमुल कादरी रहेंगे। मेहमान.खुसूसी जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव तथा मेहमान,.इम्तियाज, डॉ. शरद कुमार व्यास सचिव जिला न्यायाधीश संवर्ग जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चूरू रहेंगे। उन्होंने बताया कि मुशायरा एवं कवि सम्मेलन में रायबरेली से श्यामा सिंह सबा, जयपुर से लोकेश कुमार सिंह साहिल, बगड़ से भागीरथ सिंह भाग्य, फतेहपुर से मो. इस्माईल गाजी, बीकानेर से जाकिर अदीब, फतेहपुर से इस्माईल आदिल, बीकानेर से बुनियाद जहीन, झुंझुनूं से मुख्तार नफीस, बीकानेर से सागर सिद्दीकी, चूरू के बनवारी शर्मा खामोश, इदरीश राज खत्री, मंडावा से सुरेश कुमार, बिसाऊ से मख्दूम एवं चूरू से तंजीम बानो, कुमार अजय, दीपक कामिल और मनमीत सोनी शिरकत करेंगे।

आवेदन की तिथि बढाई

सीकर, (निसं)। राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम जयपुर के निर्देषानुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, स्वच्छकार, दिव्यांगजन एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियो के लिए स्वरोजगार के लिए ऑनलाईन ऋण आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर से 31 अक्टूबर 2024 तक बढ़ा दी गई है। परियोजना प्रबंधक अनुजा निगम प्रियंका पारीक ने बताया कि आवेदक जनआधार कार्ड में स्वयं की बैंक संबंधी सूचनाएं जैसे बैक का नाम, आईएफएससी कोड, खाता संख्या आदि, मोबाईल नम्बर, जन्म दिनांक, वार्षिक आय संबंधी सूचनाये जनआधार कार्ड में उपडेट करवाकर ही आवेदन करें।

पुण्यतिथि मनाई

उदयपुरवाटी, (निसं)।उदयपुरवाटी के गांव कोट की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में ब्रह्म समाज के संस्थापक व सामाजिक सुधार आंदोलन के प्रणेता राजा राम मोहन राय की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने कहा कि राजा राम मोहन राय भारतीय पुनर्जागरण के अग्रदूत व आधुनिक भारत के जनक थे, उन्होंने देश में बाल-विवाह, सती प्रथा, जातिवाद, कर्मकांड, पर्दा प्रथा सहित कई सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन में महत्वपूर्ण निभाई है। कार्यक्रम में प्रताप सिंह खेदड़, रामावतार सैनी, बलराम गुर्जर ने भी राजाराम मोहन राय के जीवनवृत्त पर प्रकाश डालीं

सफाई व्यवस्था का किया निरिक्षण

तारानगर, (निसं)। तारानगर नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार नगरपालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डो का दौरा कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। आज सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर जिन वार्डो में सफाई व्यवस्था सही नहीं है वहाँ सुचारु रूप से साफ सफाई शुरू करने के लिए कर्मचारियों को निर्देशित किया

प्रतियोगिता का समापन

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ तहसील के शहीद हरफूल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जसवंतपुरा में 68वीं जिला स्तरीय 17 व 19 वर्षीय छात्र-छात्राओं की सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता का समापन समारोह शुक्रवार करीबन शाम तीन बजे के आसपास विद्यालय की छात्राओं के स्वागत गायन व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ विद्यालय प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीवान सिंह सुरा अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी राजगढ ने उपस्थित होकर सभी खिलाडियों को कहा कि खेल के प्रति रुचि और खेल छात्रों को यह सीखने में मदद करता है। साथ ही संघर्षो और मतभेदों को कैसे प्रतिबंध किया जाता है जो भविष्य में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रयासों के बारे में बताया गया। वहीं अतिथियों द्वारा सॉफ्टबॉल खेल के विजेता 17 वर्षीय छात्र वर्ग प्रथम स्थान रा.उ.मा.वि.चारिया, द्वितीय रा.उ.मा.वि.लूणासर व तृतीय स्थान मेहरासर उपाड्यान तथा 17 वर्षीय छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान रा.उ.मा.वि.अमरपुरा, द्वितीय स्थानरा.उ.मा.वि.चारियां व तृतीय स्थान रा.उ.मा.वि. बैजूआ और 19 वर्षीय छात्र वर्ग में प्रथम स्थान शहीद गिरधारी लाल रा.उ.मा.वि.गुडावडी, द्वितीय स्थान रा.उ.मा.वि. कालाना ताल व तृतीय स्थान रा.उ.मा.वि.कोलासर तथा 19वर्षीय छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान रा.उ.मा.वि. कालाना ताल, द्वितीय स्थान रा.उ.मा. वि.सुलखनिया छोटा व तृतीय स्थान राउमावि जसवंतपुरा रहे। वहीं सभी टीमों को चमचमाती ट्रॉफी तथा सभी टीमों के खिलाडियों को मेडल, प्रमाण पत्र और दल प्रभारियों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए। साथ ही खेल आयोजन के लिए गांव के भामाशाह मुरारीलाल शर्मा, की सभी सॉफ्टबॉल टीम के खिलाडी उपस्थित थे।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 63/2024
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री दुर्गादान देवल पुत्र श्री मेघदान देवल निवासी भवानीपुरा, तहसील चिढावा, जिला झुंझुंनू, हाल निवासी 5 तारानगर सिविल लाईन्स, अजमेर रोड़, जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत श्री आन्जनेय मंदिर भवानीपुरा, तहसील चिडावा जिला-झुंझुंनू के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, मे हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नही की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 23.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 26.11.2024
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग जयपुर

बेदखली सर्वसाधारण सूचना
मै दलीप कुमार उम्र 74 साल पुत्र श्री तोखराम जाति जाट निवासी भोजाण तहसील राजगढ़ जिला चूरू का हूँ, जो निम्न कथन शपथ पूर्वक बयान करता हूँ किः-
1. यह कि विनोद कुमार उम्र 35 साल मेरा पुत्र है, मेरा पुत्र विनोद कुमार आवारा व बदमाश प्रवृति के लोगों की संगत में रहता है, मेरे द्वारा समझाने पर नहीं मान रहा है, इस कारण मैने आज दिनांक 27.09.2024 को मेरे पुत्र विनोद कुमार को हमारे परिवार की सम्पूर्ण चल व अचल जायदाद व सम्पति से बेदखल कर दिया है। आज से मेरे पुत्र का हमारी किसी भी प्रकार की सम्पति व जायदाद में किसी भी प्रकार का कोई हक व हिस्सा नहीं रहा है। मैने मेरे पुत्र को मेरे परिवार से अलग कर दिया है। आज से मेरा पुत्र विनोद कुमार मेरे परिवार का सदस्य नहीं रहा है। आज के बाद मेरे पुत्र द्वारा किये जाने वाले किसी प्रकार के कोई लेन-देन के जिम्मेवार हम नहीं होंगे लेन देन करने वाले स्वयं जिम्मेवार होंगे, हमारे घर व परिवार से मेरे पुत्र विनोद कुमार का कोई लेना देना नहीं रहा है। मेरे पुत्र के द्वारा किसी प्रकार का लेन देन करने, वाद - विवाद या झगड़ा फसाद करने पर या अन्य कोई भी गलत काम करने पर व कोई मुकदमा बाजी या आपराधिक घटना कारित करने पर मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। मै सर्व साधारण को सूचित करता हूँ कि सूचित रहे। दिनांक -27.09.2024
शपथग्राहिता
दलीप कुमार पुत्र श्री तोखराम जाति जाट निवासी भोजाण तहसील राजगढ़ जिला चूरू

सभी ने स्वच्छता रखने की ली शपथ

सीकर, (निसं)। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत आमजन को स्वच्छता रखने के प्रति जागरूक करने के लिए शुक्रवार को सुबह स्वच्छता मैराथन का आयोजन किया गया। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया इस दौरान एसके स्कूल ग्राउंड से शुरू कर डाक बंगला पर मैराथन का समापन किया गया। मैराथन में अधिकारियों, कार्मिकों, विद्यालयों एवं कोचिंग संस्थानो के बच्चों सहित समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियो एवं शहरवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस दौरान जिला कलेक्टर शर्मा ने सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई।

जिला परिषद के सीईओ नरेंद्र पुरोहित ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता फखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत

- **जिला स्तरीय स्वच्छता मैराथन आयोजित**

विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के तहत आज एसके स्कूल खेल मैदान से डाक बंगला तक मैराथन रैली का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत 2 अक्टूबर 2024 तक जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाकर आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस दौरान जिला परिषद के सीईओ नरेंद्र पुरोहित, नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा, प्रशासनिक सुधार विभाग की सहायक निदेशक इंदिरा शर्मा, एडीपीसी राकेश कुमार लाटा, शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक राकेश कुमार सहित सभी अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत जयपुर के लिये भ्रमण दल रवाना

चूरू, (का.सं.)। जिला मुख्यालय स्थित अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा कार्यालय चूरू की ओर से राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अन्तर्गत कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के दो दिवसीय अंतर जिला भ्रमण दल शुक्रवार को चूरू से जयपुर के लिए रवाना हुआ।

भ्रमण दल को विधायक हरलाल सहारण, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जगबीर सिंह यादव, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा संतोष कुमार महर्षि व भ्रमण दल प्रभारी हरिप्रसाद शर्मा ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। सह प्रभारी सुरेंद्र कुमार महला ने बताया कि जिला भ्रमण दल में राजकीय विद्यालयों से कुल 200 छात्र.छात्राओं को पांच दलों द्वारा दो दिवसीय भ्रमण में जयपुर जिले के भामाशाह टेक्नो हब, बीएम बिड़ला प्लेनेटेरियम,व अन्य दर्शनीय स्थलों का

चूरू में भ्रमण दल को विधायक हरलाल सहारण, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जगबीर सिंह यादव, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा संतोष कुमार महर्षि व भ्रमण दल प्रभारी हरिप्रसाद शर्मा ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

भ्रमण करवाया जायेगा।

इस अवसर पर एपीसी रामनविास पूनिया, अविनाश सहारण, इकबाल हसन गौरी, जितेन्द्र कुमार माली, मनोज सोलंकी, जगदीप साडोदिया, व्याख्याता सुनीता कुमारी, ममता सचदेवा, रामेश्वर लाल जोशी, भवानी शंकर एमआईएस, प्रधानाचार्य मदन लाल, विजयपाल भाकर, राकेश कुमार सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

लोहसना छोटा में दबंगों ने बंद कर दिया घर का रास्ता

चूरू, (का.सं.)। लोहसना छोटा गांव में दबंगों ने सतवीर सिंह पुत्र मान सिंह के घर का रास्ता बंद कर दिया है। सतवीर सिंह ने बताया कि नरेंद्र सिंह व रवीन्द्र सिंह पुत्रगण बजरंग सिंहए संतोष कंवर पत्नी मदन सिंहए सुरेश सिंह पुत्र मदन सिंहए धर्मेंद्र सिंह पुत्र इंद्र सिंह और मंजू कंवर इंद्र सिंह निवासीगण लोहसना छोटा ने उनके घर का रास्ता बंद कर दिया है।

रास्ता खुलवाने के लिए एसडीएम से गुहार लगाई तो उन्होंने तहसीलदार के पास भेज दिया।तहसीलदार ने कहा कि गिरदावर के पास जाओ। गिरदावर सुल्तान सिंह ने रास्ता रोकने वाले दबंगों से मिली भगत कर रखी है। इस कारण वे कोई सुनवाई नहीं कर रहे हैं। घर का रास्ता रोकने देने के कारण उन्हें बहुत परेशानी हो रही है। सतवीर सिंह ने बताया कि एसडीएम और तहसीलदार को तीन बार अर्जी दे चुके हैंए प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

छात्रवृत्ति का किया वितरण

रतनगढ़, (निसं)। भारत विकास परिषद्, शाखा-रतनगढ द्वारा शुक्रवार को श्री संचियालाल बैद आदर्श विद्या मंदिर में भामाशाह भगवती देवी शर्मा एवं उनके पुत्र अशोक कुमार शर्मा द्वारा स्व. काशी प्रसाद शर्मा एवं स्व. हनुमान प्रसाद शर्मा की स्मृति मे इस विद्यालय के पांच छात्रों को पूरे वर्ष की फीस छात्रवृत्ति के रूप में प्रदान करने हेतु कार्यक्रम रखा गया। मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्जवलित व पुष्प अर्पित के साथ शुरू हुवे कार्यक्रम में संस्था प्रधान शरद कुमार शर्मा द्वारा परिषद् सदस्यों का शाब्दिक स्वागत् किया गया। प्रांतीय उपाध्यक्ष वासुदेव चाकलान ने कि अशोक कुमार शर्मा ने अपने जीवन में सीमित साधन, संघर्ष व कड़ी मेहनत करके छात्रवृत्ति के सहयोग से अपनी उच्च शिक्षा पूर्ण कर सी.ए. बनकर अपना लक्ष्य प्राप्त किया है एवं वे चाहते है कि आर्थिक रूप से पिछड़े प्रतिभावान छात्र अपना लक्ष्य धनाभाव के कारण बीच में न छोड़ें इसलिए उन्होंने इस वर्ष 15 बच्चों की फीस जमा करवाने का निर्णय लिया है। विशिष्ट अतिथि राजकुमार चौधरी द्वारा शर्मा परिवार के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी गई। उसके बाद अतिथियों द्वारा 5 छात्रों को पूरे वर्ष का शिक्षण शुल्क रु 82500/- की रसीदें वितरित की। इस अवसर पर सचिव परमेश्वर आत्रेय, वित्त सचिव शैलेश शर्मा, संरक्षक विनोद कुमार वर्मा, राजेन्द्र सिंह बिदावत, शिक्षक नंदकिशोर तामड़ायत, अमित हरितवाल सहित विद्यालय परिवार सदस्य एवं विद्यार्थी की उपस्थित रहे। मंच संचालन शैलेश शर्मा ने किया।

'प्रधानाचार्य सकारात्मक नेतृत्व प्रदान कर शिक्षा के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित करें'

औंकार वाटिका में सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक की वार्षिक साधारण सभा की बैठक आयोजित

चूरू, (का.सं.)। स्थानीय सोती भवन में राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान सीमेट गोनेर जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की ओर से आयोजित दस

- **दस दिवसीय प्रधानाचार्य लीडरशिप प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन**

दिवसीय प्रधानाचार्य लीडरशिप प्रशिक्षण शिविर का समापन शुक्रवार को समारोह पूर्वक हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक प्रशासन बीकानेर जगबीर सिंह यादव थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीईओ गोविन्द सिंह राठौड़ ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि संयुक्त निदेशक बजरंगलाल स्वामी थे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये संयुक्त निदेशक जगबीर सिंह यादव ने कहा कि प्रधानाचार्य विद्यालय में सकारात्मक नेतृत्व प्रदान कर शिक्षा के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित करें। संयुक्त निदेशक चूरू बजरंगलाल स्वामी ने कहा कि विद्यालय में आपको अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

चूरू में दस दिवसीय प्रधानाचार्य लीडरशिप शिविर का समापन हुआ।

जो व्यक्ति इन चुनौतियों का सामना करते हुए सकारात्मक माहौल का निर्माण कर कार्य करता है। वही सच्चा लीडर कहलाता है।

डीईओ गोविन्द सिंह राठौड़ ने कहा कि विद्यालय के समस्त कार्यों का नेतृत्व प्रधानाचार्य करता है। ऐसे में उसकी जिम्मेदारी होती है कि आपके नेतृत्व में विद्यार्थियों का सर्वांगिण विकास हो सके। सदंर्भ व्यक्ति डॉ. सीपी महर्षि व दिनेश कुमार कुल्हरी ने प्रशिक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। संभागी प्रधानाचार्य नेमीचन्द तंवर व कनिश बिजारणिया ने दस दिवसीय शिविर के बारें में जानकारी दी।

इस अवसर पर ओमप्रकाश बारूपाल, प्रमीला कटेवा, ज्योति झाझड़िया, अनिता, सुनीता, बालकृष्ण, सवाई सिंह शेखावत, जगदीश गोदारा, रोहिताश कुमार, रामचन्द्र सिहाग सहित अनेक प्रधानाचार्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रामचंद्र सिंह ने किया।

स्ट्रीट फ़ूड वेंडर्स की संक्षिप्त कार्यशाला

पाटन, (निसं)। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आज नगर परिषद, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी के समन्वय से स्ट्रीट फ़ूड वेंडर्स को स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं आमजन को सुरक्षित और शुद्ध स्ट्रीट फ़ूड उपलब्ध करवाने के लिए एक दिवसीय संक्षिप्त कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन नीमकाथाना में स्थित मेगोतिया धर्मशाला में किया गया, जिसमें खाद्य सुरक्षा अधिकारी नंदराम मीणा ने वेंडर्स को खाद्य सुरक्षा के नियमों की पालना करने एवं आमजन को सुरक्षित एवं शुद्ध स्ट्रीट फ़ूड कैसे उपलब्ध हो इसके बारे में बताया। कार्यशाला में अनेक स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़े बिन्दुओ पर चर्चा की गई जिसमें व्यक्तिगत स्वच्छता का पालन, उच्च गुणवत्ता की खाद्य सामग्री का उपयोग, कचरा, अपशिष्ट जल, खुली नालियों और आवारा जानवरो जैसे संक्रमण के संभावित स्त्रोत से बचने के उपाय, साफ सुथरे, बिना जंग लगे बर्तनो का इस्तेमाल करना, कचरे के लिए कवर वाला डस्टबिन का इस्तेमाल करना, खाने में हानिकारक फ़ूड कलर का इस्तेमाल नहीं करना आदि सुरक्षाओं के बारे में जानकारी देकर उच्च गुणवत्ता की खाद्य सामग्री का इस्तेमाल करने के लिए निर्देशित किया। जागरूकता की इस कड़ी में प्रभा महाविद्यालय में विधार्थियो को स्वच्छ भारत मिशन के इंजिनियर मुकेश सैनी एवं आरयूआईडीपी कैंप यूनिट के गोविन्द मीणा ने स्वच्छता के प्रति श्रमदान करने के बारे में जानकारी साझा की

कार्यालय संयुक्त निदेशक, पशुपालन विभाग चूरू
ph No. 01562-294237 E-mail ID: jd.churu.ahd@rajastha.gov.in
क्रमांक :-एफ.वी()/प.स.स्त.नंदी./2024-25/12187 दिनांकः- 27.09.2024
निविदा सूचना
(UBN No.ANH2425WSOB00179)
माननीय मुख्यमंत्री की बजट घोषणा के अन्तर्गत चूरू जिले की 106 की गौशाला विहिन ग्राम पंचायतों में राशि रू. 1.00 करोड़ मात्र प्रति ग्राम पंचायत गौशाला/पशु आश्रय स्थल की स्थापना हेतु संस्था का चयन एवं आधारभूत सरचनाओं के निर्माण हेतु कन्स्ट्रक्शन कार्य किये जाने के लिए निविदा प्रस्ताव दिनांक 16.10.2024 को सांय 06.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते